समाचार

# नलों में टुल्लू पंप लगाने वालों पर निगम की कार्यवाही , जप्त किए गए 08 टुल्लू पंप



**कोरबा** – नलों में टुल्लू पंप लगाकर पेयजल की सुचारू व्यवस्था में बाधक बनने वालों पर निगम ने कार्यवाही करते हुए कोरबा की पुरानी बस्ती वार्ड क्र. 06 करामत अली गली में 08 टुल्लू पंप की जप्ती की है तथा संबंधितों को चेतावनी दी है कि वह दोबारा टुल्लू पंप न लगाये अन्यथा और अधिक कड़ी कार्रवाई होगी, अर्थदंड भी लगेगा तथा नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही भी की जाएगी।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा नियमित रूप से सुबह शाम दिन में दो बार शुद्ध पेयजल की आपूर्ति वितरण पाईप लाईन व नल कनेक्शन के माध्यम से निगम क्षेत्र के वार्ड व बस्तियों में की जाती है, निगम का प्रयास रहता है कि सभी घरों में पर्याप्त रूप से पानी पहुंचे तथा नागरिकों को पेयजल को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े , किंतु कतिपय लोगों द्वारा अपने नल कनेक्शन में टुल्लू पंप लगाकर अपने घरों में ज्यादा पानी खींचा जाता है , जिससे अन्य लोगों के घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है तथा उन्हें आवश्यकता के अनुरूप पानी नहीं मिल पाता है, आज निगम के पेयजल विभाग के अधिकारियों ने कार्यवाही करते हुए कोरबा की पुरानी बस्ती वार्ड क्र. 06 करामत अली गली में 08 टुल्लू नग टुल्लू पंप जप्त किया।

**<u>टुल्लू पम्प न लगाए, ताकि सबको मिले पर्याप्त पानी –</u>** महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपील करते हुए कहा है कि अपने नल कनेक्शन में टुल्लू पम्प लगाकर पानी न खीचें, इससे बस्ती, मोहल्ले के अन्य नागरिकबंधुओं के घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है तथा कम पानी पहुंचता है, जिसके कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ता है, अतः नल कनेक्शन में टुल्लू पम्प न लगाएं ताकि बस्ती, मोहल्ले के सभी लोगों के घरों तक पर्याप्त पानी पहुंचे तथा उन्हें पानी की कमी की समस्या न हों। उन्होने कहा है कि टुल्लू पम्प लगाने पर निगम द्वारा कार्यवाही की जा रही है, अतः कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचें, टुल्लू पम्प न लगाएं तथा निगम की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान करें।

**<u>नियमित की जा रही पर जल शुद्धता की जांच –</u>** नगर निगम कोरबा के पेयजल विभाग के द्वारा संपूर्ण निगम क्षेत्र के विभिन्न निर्धारित प्वाइंटों पर नियमित रूप से पेयजल शुद्धता की जांच की जा रही है इस हेतु विभिन्न बस्तियों में बिछाई गई पेयजल वितरण पाइपलाइन के विभिन्न प्वाइंटों से पानी के नमूने लेकर उनका मौके पर ही वैज्ञानिक रूप से परीक्षण किया जा रहा है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आपूर्त किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप हो ।